## इंश्योरेंस के 10 लाख के लिए पत्नी की हत्या

# मेडिकल कारोबारी से 6 महीने पहले हुई थी शादी, पत्थर से सिर कुचला; एक्सीडेंट की कहानी बनाई

किस्मत भीलवाड़ा

**नवलगढ़ (झुंझुनूं)** झुंझुनूं में 10 लाख रुपए के इंश्योरेंस के लिए पति ने पत्नी की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। हत्या को हादसे का रूप देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस जांच में राज खुल गया। पुलिस ने पति और 4 दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवलगढ़ थाना इलाके के कारी गांव का है। डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया- 12 मई की रात 1 बजे थाने में सूचना मिली कि बड़वासी गांव के जोहड़ के पास बाइक फिसलने से महिला कृष्णा सैनी (35) की मौत हो गई। बाइक कृष्णा का पति सहीराम सैनी (47) चला रहा था। हादसे में वह भी घायल हुआ।

**अब सिलसिलेवार पढ़िए पूरा घटनाक्रम...**

13 मई को थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया 13 मई को सहीराम ने थाने पहुंचकर पत्नी की मौत की जानकारी दी थी। पुलिस को सहीराम ने बताया कि वह पत्नी के साथ बाइक से जयपुर गया था। लौटते वक्त देर रात बाइक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर




मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई।

**घटनास्थल देखने के बाद पुलिस को पति पर शक हुआ**

डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया- पुलिस ने घटनास्थल देखा। कृष्णा के शव की जांच की। बाइक की हालत देखी। सभी बातें सहीराम के बयान से मैच नहीं कर रही थी। हादसे में कृष्णा का सिर बुरी तरह कुचल गया था। घटनास्थल पर ऐसे सबूत नहीं मिले, जिससे यह तय किया जाता कि महिला का सिर हादसे में किसी चीज से टकराया है। सहीराम को मामूली चोटें लगी थी। ऐसे में सहीराम पर शक पैदा हुआ।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला के शरीर पर चोट के निशान मिले**

डीएसपी ने बताया- पुलिस ने सड़क हादसे के एंगल से मामले की जांच शुरू की। इस बीच पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि कृष्णा का सिर हादसे के कारण नहीं कुचला गया था। उसके शरीर पर मारपीट की चोटों के भी निशान थे। पुलिस ने माना कि महिला की मौत दुर्घटना के कारण नहीं, बल्कि साजिश के तहत हुई है। इसके बाद सहीराम को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। उसने कबूल किया कि 4 दोस्तों के साथ मिलकर उनसे पत्नी का मर्डर कर दिया। वह 10 लाख रुपए के इंश्योरेंस के पैसे लेना चाहता था।

**पहली पत्नी की मौत, 6 महीने पहले ही कृष्णा से शादी की थी**

डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया- सहीराम की नवलगढ़ के भगेरा गांव में मेडिकल शॉप है। उसकी पहली पत्नी की मौत बीमारी के कारण हो गई थी। इसके बाद 6 महीने पहले 12 नवंबर 2024 में ही उसने सीकर के खंडेला निवासी कृष्णा से दूसरी शादी की थी। इसी साल अप्रैल महीने में उसने 10 लाख का गोल्ड लोन लिया और 10 लाख रुपए का पत्नी का एक्सीडेंटल बीमा कराया था। वह अप्रैल से ही पत्नी का मर्डर करने की फिराक में था। इस दौरान नवलगढ़, झुंझुनूं निवासी रिश्तेदार मुकेश कुमावत, भगेरा, नवलगढ़ निवासी दोस्त दोस्त सचिन, प्रदीप सिंह और मध्यप्रदेश निवासी अमृत उर्फ रामसिंह को उसने साजिश में शामिल किया।

**कार लेकर पहुंचे थे साथी**

वारदात की रात सहीराम के साथी कार लेकर मौके पर पहुंचे थे। सभी ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीआई सुगन सिंह ने बताया- आरोपी सहीराम ने झूठी कहानी गढ़ी थी, लेकिन पुलिस जांच में जुटे साक्ष्य, बयानों और फोरेंसिक रिपोर्ट ने आरोपी की पोल खोल दी। अब सभी पहलुओं की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की जाएगी।

## पोस्टर विमोचन के साथ विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की तैयारियों को मिली रफ्तार



किस्मत भीलवाड़ा


**केकड़ी,** भारत विकास परिषद केकड़ी, श्री क्षत्रिय सभा केकड़ी एवं केशव विद्यापीठ कॉलेज केकड़ी के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व दिवस पर 28 मई 2025 को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु शिविर का पोस्टर विमोचन आज परिषद सदस्यों द्वारा किया गया। शाखा अध्यक्ष बहादुर सिंह शक्तावत ने बताया कि यह रक्तदान शिविर अजमेर रोड स्थित बिजासन माता मंदिर के सामने राजपूत छात्रावास में आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक रहेगा तथा इसमें लगभग 150 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। इस पुनीत कार्य में राजकीय जिला अस्पताल केकड़ी, जेएनएल हॉस्पिटल अजमेर और जनाना हॉस्पिटल की रक्त संग्रहण इकाइयाँ सहयोग प्रदान करेंगी। मानव सेवा को समर्पित इस पहल के तहत सभी स्वस्थ व्यक्तियों से रक्तदान करने की अपील की गई है। साथ ही परिषद परिवार एवं आमजन से इस शिविर के अधिकतम प्रचार-प्रसार का आग्रह किया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस महाअभियान से जुड़ सकें पोस्टर विमोचन के अवसर पर बहादुर सिंह शक्तावत के साथ ही हीरालाल सामरिया, कैलाश चंद जैन, रामनिवास जैन, महिला संयोजिका अंजू विजय, रेखा मंत्री, ममता विजय, राधा माहेश्वरी, संगीता विजय, कैलाश सोनी, श्यामा बियानी, मंजू लता न्याति, अरुणा लोढ़ा, सरिता विजय, मोना टेलर, सुमन जैन, सरोज साहू, शांता माहेश्वरी, राधा विजय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाजसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रक्तदान जैसे महान कार्य को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया।

## भारतीय सेना के सम्मान मे विशाल तिरंगा रैली निकाली गई, पुष्पा कर किया स्वागत

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत के नेतृत्व मे बिजयनगर शहरवासीयो ने विशाल वाहन तिरंगा रैली निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर की सफल कामयाबी व भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम और सम्मान के लिए राष्ट्रभक्तों द्वारा एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत ने तैजा चौक से तिरंगा वाहन रैली को तिरंगा लहराकर रवाना किया। तिरंगा रैली मे भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित मोदी,पालिकाध्यक्ष अनीता मेवाड़ा,पूर्व देहात अध्यक्ष नवीन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, गणमान्यजन, युवाओ ने उत्साह के साथ भाग लिया। तिरंगा वाहन रैली तेजा चौक से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए कृषि मंडी परिसर मे समाप्त हुई। तिरंगा वाहन रैली का जगह जगह विभिन्न समाजो, संस्थानों द्वारा पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया गया।

## बालिका विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा , 25 छात्राएं गार्गी पुरस्कार में सम्मिलित



बेटियों का दबदबा रहा ,रामकन्या विद्यालय टॉपर

**राजलदेसर/चूरू ।** गुरुवार शाम को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ,अजमेर द्वारा कक्षा 12 वी विज्ञान एवं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । जिसमें पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कला व विज्ञान दोनों में 138 छात्राएं अध्यनरत थी जिसमें से 25छात्राएं गार्गी पुरस्कार में चयन के साथ विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा है । अधिकतम अंक 90 प्रतिशत अर्जीत किए हैं।। कला वर्ग में रेखा माली पुत्री हंसराज माली 85.20 प्रतिशत प्रथम, हिमांशी सोनी पुत्री गिरधारी लाल सोनी 85 प्रतिशत द्वितीय स्थान व लक्की पुत्री द्वारका प्रसाद ने 84.60तृतीय स्थान प्राप्त किया है । इसी प्रकार विज्ञान संकाय में राम कन्या पुत्री सीता राम 90 प्रतिशत प्रथम स्थान,किरण माली पुत्री लक्ष्मीनारायण माली 84.80 प्रतिशत द्वितिय स्थान,रिंक प्रजापत पुत्री धनराज प्रजापत ने 84.60 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यालय परिवार ने सभी होनहार बेटियों को बधाई दी ।

## डीएमएफटी से मिली सड़क को एक गांव से दूसरे गांव मे कार्य शुरू हुआ ग्रामीणों ने विरोध करके रुकवाया

### विरोध में दो दिन पूर्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन सौपा था

किस्मत भीलवाड़ा

**रायला** के लक्ष्मीपुरा वासियो को डीएमएफटी फंड से 3 किमी मिली सड़क, जिसको रामपुरिया रायला बनाने कि जानकारी पर ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया। जिसके बाद गुरुवार को भी विभाग ने सड़क बनाने के लिए रामपुरिया से कार्य शुरू कर दिया गया है। ईरास ग्राम पंचायत के लक्ष्मीपुर को डीएमएफटी फंड से 3किमी 3.75 मीटर सड़क का 150.00 लाख कि स्वीकृति पर ईरास भेरुनाथ मंदिर से रायला श्रीराम होटल स्वीकृत होने के बाद 13 मई 2025 विधायक जब्बर सिंह सांखला ने उद्घाटन किया गया है। जो सड़क ईरास भैरू नाथ



मंदिर से रायला श्रीराम होटल तक जोड़ने के तय थी, जिसके बाद विधायक जब्बर सिंह से प्रभावशाली लोगो के द्वारा उक्त सड़क को ईरास पंचायत के रामपुरिया से रायला श्रीराम होटल जोड़ने का सर्व करवाकर पुराने सर्वे को बदल दिया है जो लक्ष्मीपुरा वासियो के लिए गलत हो रहा है। सडक कि सुचना पर सोमवार को भीलवाड़ा जिला कलेक्टर व सांसद दामोदर अग्रवाल से मिलकर पुराने सर्व की जगह पर सड़क बनाने कि मांग पर ज्ञापन सौपा है।ज्ञापन के बावजूद भी अधिकारी व कर्मचारीयो ने कार्य शुरू कर दिया गया है , जिसके बाद लक्ष्मीपुरा वासियों ने जाकर कार्य को रुकवा दिया गया है , इस मोके पर लक्ष्मीपुरा वासियो के लक्ष्मी नारायण शर्मा जगदीश चंद्र दुर्गा लाल गुर्जर राधेश्याम आमेटा देवीलाल गुर्जर लाल गुर्जर लादूराम नानूराम हिंदू गुर्जर रामनिवास गुर्जर हेमराज गुर्जर शंकर लाल प्रजापत नारायण कुमार, दुर्गश गुर्जर, नारायण लाल, मांगीलाल,ओमप्रकाश खटीक, प्रभु लाल गुर्जर सहित गांव के महिलाएं ने कार्य रुकवाया और विरोध किया ।

## श्रमिक नेता स्वर्गीय बी चौधरी की पुण्यतिथि पर हुआ विशाल रक्तदान शिविर में हुआ 212 यूनिट रक्तदान

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** निकटवर्ती आगूचा गांव मे श्रमिक नेता स्वर्गीय बी चौधरी की तीसवी पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का हिंदुस्तान जिंक लोकेशन हेड राम मुरारी आईआर हेड मोहम्मद अली आगुचा खान मजदूर संघ महामंत्री महेंद्र सोनी एवं भारत विकास परिषद जिला समन्वयक महावीर सोनी ने स्व बी चौधरी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। शिविर आगुचा खान मजदूर संघ कार्यालय एवं जिंक चिकित्सालय जिंक कॉलोनी में आयोजित किया गया ।इसमें हिंदुस्तान जिंक के अधिकारियों ,कर्मचारियों ,संविदाकार के श्रमिकों स्थानीय ग्रामीणों ने एवं महिलाओं ने बढ़ चक्कर भाग लिया । मजदूर संघ के महामंत्री सोनी ने बताया कि हर वर्ष 22 मई को स्वर्गीय भी चौधरी की स्मृति में यह रक्तदान



शिविर लगाया जाता है और यह 25 वां रक्तदान शिविर आज लगाया गया। हुरडा प्रधान कृष्णासिंह राठौड़ एवं आगूचा सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र नागर ने शिविर का अवलोकन किया और कहा कि ऐसी भरी गर्मी में भी रक्तदान के प्रति लोगों की जागृति को देखकर बहुत ही अच्छा लगा ।सभी रक्तदाताओं ने रक्तदान कर सच्ची मानव सेवा की है ,जो किसी भी जरुरतमंद रोगी के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐगी ।रक्त संग्रहण रामस्नेही चिकित्सालय के सुनील माहेश्वरी एवं अरिहंत चिकित्सालय के सुखवीरसिंह के नैतृत्व मे ब्लड टीमों द्वारा किया गया ।इस रक्तदान शिविर में कुल 212 यूनिट रक्तदान हुआ। इसमें 11 मातृशक्ति का योगदान रहा । इस दौरान आगूचा खान मजदूर संघ के महेंद्र सिंह चौहान ,आरसी मीणा राजेंद्र सिंह, शिवनाथ सिंह, अजय शर्मा ,मुकेश सोमानी महावीर दाधीच ,रतनलाल रेगर ,सुधीर पारीक ,मधुसूदन पारीक, पन्नालाल जाट ,पवन व्यास ,कमलेश जोशी ,उमाशंकर शर्मा, महावीर नागर एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संपत व्यास ,सचिव दिनेश छतवानी,कन्हैया लाल सोनी, रितेश कालिया हरिओम मेवाड़ा , सुगन जैसवानी, सागर नुवाल ,पिंकी शर्मा ,सोनिया शर्मा ,डॉक्टर निर्मला माहेश्वरी, सूरज करण लड्ढा, शिवकुमार टेलर,सुरेंद्र माहेश्वरी, मीनाक्षी भाटिया , ज्योति दिनवानी, भगवती मूंदड़ा ,महादेव मूदडा, निर्मल बंसल ,बुद्धि प्रकाश शर्मा,प्रमोद टेलर सहित कई कार्यकर्ताओ ने संेवाए दी। महामंत्री सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## परसनेऊ रेलवे स्टेशन पर आवश्यक सेवाओं की कमी को लेकर रेल मंत्री वैष्णव के नाम स्टेशन मास्टर को सौपा ज्ञापन

### वर्तमान रेलवे स्टेशन को दूरी पर स्थापित करने पर होने वाली परेशानियों को लेकर पत्र के माध्यम से करवाया अवगत

किस्मत भीलवाड़ा

**राजलदेसर/चूरू ।** तहसील के निकटवर्ती ग्राम पंचायत परसनेऊ रेलवे स्टेशन पर आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध कराने को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ग्राम पंचायत की सरपंच गोमती देवी मेघवाल ने सैकड़ो ग्राम वासियों के हस्ताक्षर युक्त पत्र स्टेशन मास्टर को दिया पत्र में निम्न माँग की गई है जिसमें मुख्य माँग है कि पुराने स्टेशन से नए स्टेशन तक सड़क निर्माण किया जाए दिव्यांग व्यक्तियों के लिए प्रवेश रास्ता खुलवाया जाए पुराने स्टेशन के सभी



रास्ते चालू रखवाए जाएं नए स्टेशन पर दो नंबर प्लेटफार्म बनवाया जाए सैकड़ो ग्राम वासियों ने ज्ञापन दिया ज्ञापन की प्रतिलिपि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, चूरू सांसद राहुल कस्वा इस अवसर पर ग्राम वासियों ने बताया ज्ञापन की प्रतिलिपि रेल मंत्री के पास पहुंच चुकी थी एवं समाचार भी मिल चुके हैं की अति शीघ्र जो भी मांगे हैं उसे पर विचार किया जाएगा इस अवसर पर भैरा राम , दाखू देवी , किशन सिंह , पोकरमल ,रामेश्वरलाल ,किशन पुजारी मनोज , हिम्मत सिंह , जगन राम ,नौरंग राम , छगन सिंह ,दानाराम , गजराज सिंह ,पूसा राम ,जगदीश प्रसाद , राजू सिंह सहित गाँव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

## 27 मई को शनि जयंती पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

**राजलदेसर/चूरू ।** राजलदेसर कस्बे में लूणासर रोड़ पर स्थित भव्य इच्छापूर्ण शनि देव मंदिर में शनि जन्मोत्सव (शनिजयंती) पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन होंगे । मंदिर के पुजारी मदनलाल भार्गव ने बताया 26 मई को प्रसाद का भोग लगाया जाएगा व रात्रि 9 बजे से स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों द्वारा जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी तथा 27 मई को सुबह 7:30 हवन यज्ञ का आयोजन होगा । जिसमें अनेको श्रद्धालुगण उपस्थित रहेंगे । आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है ।

## चोरी के 2-आरोपी गिरफ्तार, जेल से छूटकर करते थे वारदात जोधपुर के अलग- अलग थानों में दोनों के खिलाफ दर्ज है कई मामलें

किस्मत भीलवाड़ा

**जोधपुर** जोधपुर पुलिस ने चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी आदतन नकबजन हैं, जो जेल से बाहर आने के बाद चोरी व नकबजनी की वारदात करते हैं। कुड़ी भगतासनी थाना इंचार्ज हमीर सिंह भाटी ने बताया- गिरफ्तार आरोपी इमरान उर्फ भूरया उर्फ छोटा चेतन ( 21) पुत्र अशलम खान निवासी कबीर नगर और आमीर उर्फ मोंटू (24) पुत्र चांद मोहम्मद उनिवासी चादणा भाखर ज्योति नगर का रहने वाला है। आमीर उर्फ मोंटू के विरुद्ध 16 प्रकरण और इमरान उर्फ भूरया उर्फ छोटा चेतन के विरुद्ध पूर्व में 12 प्रकरण अलग- अलग थानों मे दर्ज हैं। भाटी के अनुसार- चोरी के बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी माध्यम से आरोपियों की पहचान करके दस्तयाब कर गहनता से पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में नकबजनी की वारदात को करना स्वीकार किया है। आरोपियों से अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना है।

## रूट सेट संस्था के माध्यम से राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकाश परियोजना से जुड़ी आर्थिक स्तर पर कमजोर महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण

किस्मत भीलवाड़ा

भीलवाड़ा। रूट सेट संस्था के द्वारा राजीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को 30 दिवस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें अमित जोशी प्रदेश अध्यक्ष राजीविका कार्मिक संगठन राजस्थान ने बताया कि भीलवाड़ा जिले के सभी ब्लॉकों से समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया है और उनको निशुल्क 30 दिवस का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाएगा जिसमें ये महिलाएं सिलाई से संबंधित सभी तरह के सिलाई कोर्स सीखकर गांव में ही सिलाई केंद्र के साथ साथ सिलाई सेंटर लगाकर अपनी आजीविका को बढ़ा पाएगी । रूट सेट निदेशक रवि टेलर ने बताया कि रूट सेट संस्था में 35 प्रकार के महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें महिलाएं को आत्म निर्भर बनाया जाता है ये प्रशिक्षण एक महीने का दिया जाएगा ।। सिलाई प्रशिक्षण में अमित जोशी प्रदेशाध्यक्ष राजीविका कार्मिक संगठन राजस्थान, रूट सेट निदेशक रवि टेलर,फैकल्टी राजेंद्र भारद्वाज,दिनेश तोमर और मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे ।।



## केकड़ी में भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने हेतु वैष्णव युवा संगठन की पहल

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** भीषण गर्मी के चलते शहर में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है जिससे आमजन और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वैष्णव युवा संगठन परिक्षेत्र केकड़ी ने जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर सरदार पेट्रोल पंप के सामने एक अस्थाई शीतल पेयजल प्याऊ की स्थापना की है। इस प्याऊ का लाभ बस स्टैंड के निकट होने के कारण यात्रियों को भी मिल रहा है। इस सेवा कार्य की शुरुआत शरबत वितरण से की गई जिसमें हजारों लोगों को ठंडा पेयजल और शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दी गई। गर्मी के पूरे सीजन तक यह प्याऊ लगातार संचालित किया जाएगा। इस नेक कार्य में संगठन के परमेश्वर टिलावत, गणेश वैष्णव, मनोज वैष्णव, संजय वैष्णव, जगदीश चपानेरी, अमित वैष्णव, विजय करण वैष्णव, द्वारका वैष्णव, मुकेश वैष्णव पिपलाज और सागर वैष्णव सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इस पहल में भारत विकास परिषद के भगवान माहेश्वरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान राम सिंह, देवकरण सैन, बाबू खान, जाकिर खान और नंदकिशोर की उपस्थिति ने आयोजन को और सशक्त बनाया। स्थानीय नागरिकों ने संगठन के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी में यह प्याऊ ठंडी छांव जैसी राहत दे रहा है। संगठन के परमेश्वर टिलावत ने बताया कि आने वाले दिनों में सेवा को और विस्तार दिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।



## मांडलगढ़ स्टेशन का निखरा सौंदर्य बढ़ी सुविधाएं

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन का पीएम मोदी ने बीकानेर वर्चुअल उद्धाटन किया रेलवे पर समझ में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल , भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी , उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा , डीएसपी बाबूलाल बिश्नोई , सहायक मंडल रेल प्रबंधक ललित , धुरंधर पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार आंचलिया , विनोद ओस्तवाल , भाजपा नेता मनोज सनाढ्य , भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश जीनगर, अर्जुनब्रह्म भट्ट पार्षद अनीता सुराणा जिला परिषद, हरिलाल जाट , दिलीप सिंह राणावत,सत्यनारायण मेवाड़ा , आदि उपस्थित रहे , मांडलगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक नया 15 150 गुना 10 मीटर का नया कवर शेड नया टिकट बुकिंग हांल मय प्रतीक्षालय आधुनिक सुविधाओं नया वेस्टिंग रुम मॉडर्न ट्रांसलेट नाय प्रवेश व निकास गेट दिव्यांशगजन हेतु रैंप मय रैलिंग अन्य सुविधाएं जैसे टैक्टाइल व डायरेक्शन टाइम पार्किंग बनाई गई एनिजट व एंटी रोड तथा रेलवे स्टेशन के सामने सर्कुलेटिंग एरिया का विरतर किया गया है जिसमें स्टेशन छतरी व फव्वरा लगाया गया है एक सेल्फी पॉइंट बनाया है जिसके पास गजीबी व ग्रीन एरिया बनाया गया है ।



## वरिष्ट उपाध्याय संस्कृत विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा



किस्मत भीलवाड़ा

**सावर।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कुंडगेट सावर का वरिष्ठ उपाध्याय बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025,100% रहा । प्रधानाचार्य rc श्री हेमराज मीणा ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में 72 विद्यार्थी इस वर्ष शामिल हुए सभी उत्तीर्ण हुए । दो विद्यार्थी कोमल प्रजापत तथा स्नेहा सैनी 89.80% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप रही; इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर विद्यालय में मनीषा कच्छावा 89.00% अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार तीसरे स्थान पर दो विद्यार्थी नीलम माली एवं छोटू लाल माली ने 88.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार ने इन सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बहुत बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की।

## डाबला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

किस्मत भीलवाड़ा

**रायला** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाबला में पेसिफिक हॉस्पिटल उदयपुर की टीम द्वारा जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसाइटी एवं राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजक समाजसेवी एवं ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज गढ़वाल ने शिविर में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं पंजीकृत सभी 79 रोगियों की जांच के बाद 30 रोगियों को बस द्वारा उदयपुर ले जाया गया। सभी के लिए चाय नाश्ता एवं स्टाफ तथा कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था एवं हेमराज जाट द्वारा की गई। हेमराज जाट वर्षों से गोमाबाई नेत्रालय नीमच द्वारा सैकड़ो शिविरों का आयोजन कर चुके हैं एवं लाखों की तादात में रोगियों को लाभ दिला चुके हैं। शिविर में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियौं एवं ग्राम डाबला के समाजसेवी कार्यकर्ताओं ने विशेष रुचि दिखाई।



## प्रधानमंत्री ने राजस्थान को दी करोड़ों के विकास कार्यो की सौगात

# भीलवाड़ा में नर्सिंग कॉलेज व मांडलगढ़ में अमृत भारत रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर पहुंचे जहाँ सर्वप्रथम देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन किए व पूजा-अर्चना की 7 प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान की सीमा के नजदीक देशनोक से मांडलगढ़ सहित देश के 103 रेलवे स्टेशनों का डिजिटल रूप से उद्घाटन किया। इनका अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत री-डवलपमेंट का कार्य हुआ है। भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर 4.74 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्य हुए हैं, साथ ही भीलवाड़ा के पालड़ी कस्बे में 21 करोड़ की लागत से 10 बीघा भूमि पर निर्मित अत्याधुनिक नर्सिंग कॉलेज, गर्ल्स एवं बॉयज हॉस्टल का पीएम मोदी ने वर्चुअल लोकार्पण किया। बीकानेर से 22 किमी दूर पलाना में



आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भीलवाड़ा जिले के नगर निगम स्थित महाराणा प्रताप सभागार में रखा गया 7 प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान 26 हजार करोड़ रुपए के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें भीलवाड़ा के पालड़ी में लगभग 21 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजकीय नर्सिंग कॉलेज भवन व हॉस्टल भी शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल



शर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा राजस्थान में हुए विभिन्न विकास कार्यों के बारे में आमजन को जानकारी दी7 बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व अर्जुनराम मेघवाल सहित कई मंत्री व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । समारोह के लाइव टेलीकास्ट के दौरान भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, सहाड़ा विधायक लादुलाल पीतलिया, राजमाता



विजया राजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज प्रिंसीपल डॉ.वर्षा सिंह, एमजी हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ.अरुण गौड़ सहित चिकित्सा , राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय प्रधानाचार्य सुश्री मधु जीनगर , राजकीय जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र बैरवा, राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के नोडल ऑफिसर श्री जयराज वैष्णव सहित अन्य विभागीय अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे ।

## तिलस्वा एवं भुंजरकला मे पुनः AVVNL के 33 केवी पावर फ़ाल्ट के कारण चम्बल पेयजल आपूर्ति 23 को रहेगी बाधित

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,** चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अंतर्गत भीलवाड़ा जिले में पेयजल आपूर्ति की जाती है गुरुवार दिनांक 22.05.2025 की सांय 6:00 बजे से AVVNL के 33 केवी में पुनः पावर फ़ाल्ट हो गया, जिसके कारण तिलस्वा एवं भुंजरकला पम्प हाउस से पंपिंग बंद है जिसकी वजह से WTP आरोली पर जल आपूर्ति बाधित है । अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड- प्रथम भीलवाड़ा ने सूचित किया है कि भीलवाड़ा शहर सहित भीलवाड़ा जिले की शुक्रवार दिनांक 23 मई को पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

## विद्यालय परिसरों से अतिक्रमण हटाने को लेकर कोटड़ी में बैठक सम्पन्न

किस्मत भीलवाड़ा


**आकोला** राजकीय विद्यालय परिसरों व खेल मैदानों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में 22 मई 2025 को शरबती गाडोदिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटड़ी में एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार राम सिंह मीणा ने की। यह बैठक जिला कलेक्टर द्वारा 21 मई को आयोजित बैठक के निर्देशों के तहत बुलाई गई थी, जिसमें विद्यालय परिसरों पर हो रहे अतिक्रमण की गंभीरता पर चर्चा की गई थी। बैठक में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उदय लाल स्वर्णकार, सन्दर्भ व्यक्ति अनिल बांगड़, पटवारी सत्य नारायण, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अतिक्रमण की स्थिति की समीक्षा कर सीमांकन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने तथा 7 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार मीणा ने अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्रवाई 10 दिन में पूरी करने और प्रशासन व विद्यालय स्टाफ के सहयोग से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## टोडारायसिँह क्षेत्र मे तेन्दुओ का आतंक क्षेत्रीय लोग भय दहशत एवम खौफ मे

**केकड़ी** टोडारायसिँह से बीसलपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित पहाड़ियों एवम मुख्य सडक पर इन दिनों तेन्दुओ ने आतंक मचा रखा है जिससे क्षेत्रीय वाशिंदे भय खौफ एवम दहशत मे जी रहे है हिन्दू राष्ट्र सेना के परसराम ने बताया की वन विभाग की घोर लापरवाही के चलते टोड़ा रायसिंह की पहाड़ी की सारी गौमाताओ को ये तेन्दुओ का ग्रुप खा गया है और अब ये गाँव थडोली और टोड़ारायसिंह की तरफ आने लगे है इसके बावजूद भी वन विभाग के कारिंदे कुम्भकर्णी निंद्रा मे लीन है परसराम ने बताया की किसी दिन ये तेन्दुओ का ग्रुप जब इंसानों को खा जायेगा तब जाकर शायद वन विभाग के कारिंदो की कुम्भकर्णी निंद्रा टूटेगी वन विभाग को तेन्दुओ के आतंक की सूचना देने पर वो ये भी मानने को तैयार नहीं है की यहाँ तेंदुए है जबकि क्षेत्र मे तेन्दुओ को वन विभाग द्वारा ही छोड़े जाने की बात भी सामने आई है हिन्दू राष्ट्र सेना के परसराम का कहना है की वन विभाग कार्मिक इस इन्तजार मे बैठे है की ये कब किसी इंसान पर अटैक करें और फिर ये उन्हें ट्रंकुलाइज़ करें इसके साथ ही पशराम ने कहा की रोजाना बीसलपुर की तरफ जाने वाले रोड पर रात्री 10 से 1 बजे के मध्य रोड पर ही तेंदुए मिल रहें है टोड़ा रायसिंह से अनेक लोग सुबह 2 बीसलपुर रोड पर घूमने जाते है जिससे कभी भी बड़ी वारदात के घटित होने की संभावनाएं है ग्रामीणों द्वारा वन विभाग से तेन्दुओ के भय खौफ एवम दहशत से मुक्ति की गुहार लगाई गई है

## ग्राम पंचायत गुरलां में भूमि घोटाले का आरोप, सरपंच और विकास अधिकारी पर कार्रवाई की मांग







किस्मत भीलवाड़ा



**गुरला।** सुवाणा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गुरलां में भारी भूमि घोटाले का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सरपंच श्रवण गुर्जर और ग्राम विकास अधिकारी सुनील शर्मा पर ग्राम पंचायत की कीमती आबादी भूमि मात्र 200 रुपये में पट्टे जारी कर बेचने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों कैलाश माली, प्रहलाद माली, रमेश माली व नरपत सिंह आदि ने जिला कलेक्टर व जिला परिषद सीईओ को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच व रिकॉर्ड सीज करने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार कालिका माता मंदिर के पास की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, और वही भूखंड बाद में लाखों में बेचे गए। बताया गया कि उक्त भूखंडों पर 1955 से कब्जा दर्शाकर कूट दस्तावेजों के जरिए पट्टे जारी किए गए, जबकि मौके पर कोई निर्माण, बिजली या पानी कनेक्शन नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच का भाई कन्हैया लाल गुर्जर पंचायत के कामों में सीधे हस्तक्षेप करता है और खुद को सरपंच बताकर अधिकारियों से काम करवाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अतिक्रमियों के साथ मिलीभगत कर ग्राम पंचायत की करोड़ों की जमीन का बंदरबांट किया गया है।ग्रामीणों ने पंचायत राज मंत्री, जिला कलेक्टर और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और निलंबन की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि निष्पक्ष जांच से बड़ा भूमि घोटाला उजागर हो सकता है।

## भगवान का स्वरूप शाश्वत और सत्य है - अशोक भाई

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** कोटड़ी के सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में संस्कृति परिवार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का समापन कथा व्यास अशोक भाई के प्रवचनों के साथ हुआ। अशोक भाई ने कहा कि भगवान चित स्वरूप, ज्ञान स्वरूप और सर्वव्यापी हैं, जो कण-कण में विद्यमान हैं। उन्होंने जीवन के सत्य को समझाते हुए कहा, "सुख मिला तो दुख भोगना ही पड़ेगा", और उदाहरण देते हुए बताया कि राजा को संत ने उपदेश दिया था, "सुख में खुश मत होना और दुख में दुखी मत होना।" प्रवचन में उन्होंने बताया कि शांति बाहरी नहीं, आत्मा के भीतर है। सनातन धर्म के अनुयायियों को गीता, भागवत, महाभारत व पुराणों का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। अशोक भाई ने धर्म, वैराग्य और भक्ति पर आधारित कथा के माध्यम से बताया कि वर्तमान में लोग धन को परमात्मा से ऊपर मानते हैं। केवल गौ सेवा, प्रभु भक्ति और जनकल्याण से ही पुण्य की प्राप्ति संभव है। सत्संग में आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

## पुलिस की हथकढ़ शराब पर कार्यवाही एक युवक को किया गिरफ्तार

**सावर।** थाना पुलिस ने अवैध हथकढ़ शराब जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सावर थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि एएसआई सरदार सिंह पुलिस जाब्ते के साथ गश्त करते हुए मेहरूकलां रोड पर सुवालका फार्म हाउस के पास पहुंचे। जहां पर एक व्यक्ति नजर आया, जिसके हाथ में प्लास्टिक का कट्टा था। जो अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस जीप को देखकर भागने लगा। इस पर उसके अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने का संदेह होने पर पुलिस जाब्ते द्वारा घेराबंदी कर रोका। पुलिस ने नाम पता पूछा तो अपना नाम नरेंद्र कहार पुत्र कैलाशचंद कहार (32) निवासी शाहपुरा गेट सावर बताया। पुलिस ने जांच की तो प्लास्टिक के कट्टे में अवैध हथकढ़ शराब से भरी हुई प्लास्टिक की बोतल मिली। अवैध हथकढ़ शराब से भरी बोतल को जप्त कर आरोपी नरेंद्र कहार को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में एएसपी सोराजमल मीणा व डीएसपी हर्षित शर्मा के निकटतम सुपरविजन में कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा,एएसआई सरदार सिंह,कांस्टेबल प्रदीप,हरकेश,रामेश्वर व राजकुमारी शामिल रही।

### अवैध नल कनेक्शन की शिकायत करना शिकायतकर्ता को पड़ा भारी

## कनेक्शन कटने के बाद बोखलाए महिला पुरुषो ने शिकायतकर्ता के घर मे घुसकर की मारपीट

**केकड़ी** अजमेर जिले के भिनाय कस्बे मे स्थित अम्बेडकर भवन की लाइन से अवैध कनेक्शन कर पानी चोरी करने के मामले की शिकायत करना शिकायतकर्ता को न केवल भारी पड़ गया बल्कि अवैध कनेक्शन लेने वाले पड़ोसी और उसके परिजनों द्वारा बुधवार की रात्रि को एक राय होकर पीड़ित परिवार के मकान मे घुसकर मारपीट करने क़ा मामला प्रकाश मे आया है वही मकान मे घुसकर अचानक हमला करने के बाद पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम और भिनाय थाने पर फोन कर जान बचाने की गुहार लगाई द्य इस संदर्भ मे पीड़ित मेहराज अहमद शेख पुत्र बशीर अहमद शेख निवासी भिनाय ने बताया की उसके पड़ोसी द्वारा अम्बेडकर भवन( जहां पर वर्तमान मे अस्पताल संचालित है ) की पानी की लाइन से अवैध कनेक्शन कर लिया था जिसकी उन्होंने जलदाय विभाग एवं उपखण्ड अधिकारी भिनाय को शिकायत की थी जिस पर विभाग द्वारा उक्त कनेक्शन को काट दिया गया वही अवैध कनेक्शन कटने के बाद अवैध कनेक्शन लेने वाले पड़ोसी वसीम पुत्र शहजाद शेख, श्रीमती फ़रीदा पत्नी शहजाद शेख, तमन्ना शेख पुत्री शहजाद शेख, श्रीमती नजमा पत्नी आशिक अली शेख,शोहेब पुत्र आशिक अली शेख निवासीगण भिनाय बुधवार की रात्रि के लगभग 9 बजे एकराय होकर मेरे घर मे घुस गए और मेरे व मेरी पत्नी के साथ मारपीट की द्य पीड़ित मेहराज शेख ने भिनाय पुलिस थाने मे एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया की घर मे घुसने के बाद की गई मारपीट के दौरान वसीम शेख, शोहेब शेख एवं फ़रीदा शेख ने प्रार्थी की पत्नी को गंदी गालिया निकालते हुए उसे बाँझ कहकर अपमानित किया तथा एलानिया धमकी दी की अगली बार अवैध नल कनेक्शन की शिकायत की तो हम तुझे जान से मार देंगे और वसीम शेख ने कहाँ की मे भिनाय मे सट्टा चलाता हूँ और मेरी थाने मे चलती है इसलिए मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है द्य प्रस्तुत रिपोर्ट मे पीड़ित ने उक्त सभी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की वही उक्त घटनाक्रम के बाद पीड़ित परिवार मे जबरदस्त दहशत व्याप्त हो गई है और समय रहते पुलिस द्वारा हमलावरो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो वे भविष्य मे पीड़ित और उसके परिवार के साथ अनहोनी घटना कारित कर सकते है

### शाहपुरा में तेज अंधड़ का कहर

## दर्जनों पेड़ गिरे, स्कूल का गेट टूटा; बाजार में 3 फीट पानी भरा



किस्मत भीलवाड़ा

**शाहपुरा** शाहपुरा में गुरुवार शाम को तेज अंधड़ के साथ बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के कारण नगर के विभिन्न स्थानों पर पेड़ गिर गए। राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में चल रहे ट्रेड फेयर में डॉलर और चकरी झूले क्षतिग्रस्त हो गए। श्री पशुपतिनाथ गौशाला के सामने एक बड़ा पेड़ गेट पर गिरा। त्रिमूर्ति चौराहे पर पीपल का पेड़ धराशायी हो गया। कुंड गेट पर स्थित रामद्वारा की दुकानों के बाहर एक पुराना नीम का पेड़ गिरा। एक फल विक्रेता ने समय रहते खतरा भांप लिया और वहां से हट गया, जिससे वह बच गया। तेज बारिश से शाहपुरा के बाजार में करीब 3 फीट तक पानी भर गया। ओलावृष्टि से कई पक्षियों की मौत हो गई। विद्युत विभाग ने सुरक्षा कारणों से बिजली आपूर्ति बंद कर दी। कई स्थानों पर बिजली के तार टूटने की सूचना मिली है। नगर की बाहरी कच्ची बस्तियों में जलभराव हो गया है। चौराहों पर लगे सभी होर्डिंग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दुकानों के बाहर और चौराहों पर लगे टीन शेड हवा में उड़ गए। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंड गेट का मुख्य द्वार भी टूट कर गिर गया।

## चित्तौड़गढ़ में आंधी-तूफान से बड़ा हादसा दीवार गिरने से महिला और बच्चे की मौत

किस्मत भीलवाड़ा

**चित्तौड़गढ़** चित्तौड़गढ़ में गुरुवार देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। इस तेज तूफान ने कई जगह नुकसान पहुंचाया। साडास थाना क्षेत्र में एक मकान की दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम को चित्तौड़गढ़ जिले के कई हिस्सों में तेज हवा और बारिश का दौर शुरू हुआ। तेज गति से आई आंधी ने कई कच्चे मकानों और पेड़ों को नुकसान पहुंचाया। इसी दौरान साडास थाना क्षेत्र के एक गांव में एक कच्चे मकान की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार के नीचे दबने से शायरी उर्फ शांति (50 वर्ष) पत्नी मगना भील, सूरज (7 वर्ष) पुत्र सुरेश भील और राजू उर्फ रतन (12 वर्ष) पुत्र कैलाश भील





गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल ले गए। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने शायरी और सात वर्षीय सूरज को मृत घोषित कर दिया। राजू की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही साडास थाना पुलिस भी महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंपा जाएगा। इस दुखद हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी दी थी कि राजस्थान के कई हिस्सों में आंधी और बारिश हो सकती है। हालांकि, इस प्रकार की तेज और जानलेवा आंधी ने सभी को चौंका दिया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मौसम खराब होने पर सावधानी बरतें और कच्चे या जर्जर भवनों से दूर रहें।

### बेटी के लिए रखा सोना-रुपए ले गए चोर

## टैक्सी ड्राइवर के घर से 10 तोला सोना और 3 लाख रुपए की चोरी

किस्मत भीलवाड़ा

**जैसलमेर** के अमरसागर गांव में बीती रात चोरों ने करीब 10 तोला सोना और 3 लाख रुपए चुरा लिए। सुबह जब घरवालों ने सामान बिखरा देखा तो होश उड़ गए। पीड़ित कमल किशोर माली ने शहर कोतवाली पुलिस को बुलाया। कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया और चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। पीड़ित कमल किशोर ने बताया कि वो टैक्सी चलाता है और बरसों की मेहनत से उसने बेटी-बेटे की शादी के लिए पैसा और सोना इकठा किया था। रात को सोये हुए थे और चोर संदूक तोड़कर सब ले गए। उन्होंने पुलिस से मदद कर जल्द से जल्द चोरों समेत उनका चोरी हुआ सामान और पैसा वापस दिलवाने की मांग की।



### 10 लाख का सोना, और 3 लाख रुपए ले उड़े चोर

कमलकिशोर माली ने बताया कि वे बीती रात घर में सो रहे थे। रात को चोर आए और घर में रखे लोहे के संदूक को तोड़ा। संदूक में सोना, पैसा आदि रखे थे। चोर वो सब सोना और पैसा लेकर फरार हो गए। उसने अपने बेटी और बेटे की शादी के लिए सोना और पैसा इकट्ठा किया था। चोरों ने 10 तोला सोना, करीब 10 लाख की कीमत का और 3 लाख रुपए घर के से चुरा लिए। शहर कोतवाल प्रेमदान ने बताया कि मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## शारबती गाड़ोदिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोटड़ी की बेटियों ने लहराया परचम

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** शारबती गाड़ोदिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोटड़ी की छात्राओं ने इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कुल 44 छात्राएं परीक्षा में सफल रही हैं जिनमें से 35 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की जबकि 9 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं है। विद्यालय की 14 मेधावी छात्राओं का चयन राजस्थान सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित गार्गी पुरस्कार के लिए हुआ है जो कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु दिया जाता है। यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है जिससे अन्य छात्राएं भी प्रेरणा लेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य उदयलाल स्वर्णकार ने इस शानदार उपलब्धि पर समस्त स्टाफ, छात्राओं और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल छात्राओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है बल्कि शिक्षकों की समर्पित मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का भी फल है। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी आगे बढ़कर समाज में उदाहरण प्रस्तुत कर सकें। विद्यालय की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी विद्यालय को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

